आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 12.11.2024 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उज्जैन में कालीदास समारोह का किया शुभारंभ, 8 विभूतियां हुई सम्मानित।
- प्रदेश की बुधनी और विजयपुर सहित 11 राज्यों के 33 विधानसभा और केरल की वायनाड संसदीय सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान आज।
- विद्युत एवं नवीकरणीय उर्जा उपकरणों के विनिर्माण क्षेत्र मोहासा– बाबई के क्षेत्रफल का विस्तार किया जाएगा, कैबिनेट ने लिया निर्णय
- भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर धार और शहडोल में होंगे राज्य स्तरीय कार्यक्रम।

अब समाचार विस्तार सेः–

## कालिदास समारोह

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज मध्य प्रदेश के उज्जैन में 66वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह का शुभारंभ किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास अयोध्या के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविन्ददेव गिरी महाराज समारोह में मौजूद रहे।कार्यक्रम में वर्ष 2022-2023 के लिये कालिदास अलंकरण सम्मान प्रदान किए गए। कुल आठ विद्वानों को चार विधाओं में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि-

उपराष्ट्रपति ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और सृजन हमारे अस्तित्व के लिए आवश्यक है

18 नवंबर तक चलने वाले इस आयोजन में महाकवि कालिदास की रचनाओं और अन्य कई विषयों पर विमर्श होगा। साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## उपचुनाव

ग्यारह राज्यों की 33 विधानसभा और केरल की वायनाड संसदीय सीट पर उपचुनाव के लिए कल बुधवार को मतदान होगा। राजस्थान में सात, पश्चिम बंगाल में छह, असम में पांच, बिहार में चार, कर्नाटक में तीन और मध्य प्रदेश तथा सिक्किम में दो–दो सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं।

प्रदेश की बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए कल सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। सीहोर जिले की बुधनी सीट केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के लोकसभा सांसद बनने से रिक्त हुई थी। यहां पूर्व सांसद

रमाकांत भार्गव भाजपा और राजकुमार पटेल कांग्रेस से उम्मीदवार है। यहां से समाजवादी पार्टी भी मैदान में है। बुधनी विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 76 हजार 397 मतदाता है, क्षेत्र में 363 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

श्योपुर जिले की विजयपुर सीट पर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री राम निवास रावत भाजपा के उम्मीदवार है। वहीं कांग्रेस से मुकेश मल्होत्रा प्रत्याशी है। विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 54 हजार 714 मतदाता हैं। जिनके लिए 327 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। दोनों सीट पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

सीएम बैठक
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज राज्य साइबर पुलिस हेडक्वार्टर भोपाल में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने साइबर क्राइम विशेषकर डिजिटल अरेस्ट के बढते मामलों पर जानकारी ली और साइबर पुलिस को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं पर नियंत्रण लगाया जा सके, इसके लिए पुलिस प्रशासन को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि.

विधानसभा सत्र
मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का चतुर्थ सत्र 16 दिसंबर प्रारंभ होगा। 20 दिसंबर तक चलने वाले सत्र के दौरान सदन की कुल 5 बैठकें होंगी, जिसमें महत्वपूर्ण शासकीय कार्य संपादित किए जायेंगे। राज्यपाल द्वारा अनुमोदित अधिसूचना विधानसभा सचिवालय द्वारा आज जारी कर दी गई है ।

मंत्रिमंडल निर्णय
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि–परिषद की बैठक मे निर्णय लिया गया है कि विद्युत एवं नवीकरणीय उर्जा उपकरणों के विनिर्माण क्षेत्र मोहासा– बाबई के क्षेत्रफल का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए 214.42 एकड़ भूमि को शामिल किया गया है। कैबिनेट ने सौर सह अन्य नवीकरणीय/अक्षय ऊर्जा अनुसंधान केन्द्र की स्थापना के लिए भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल को ग्राम भौरी में 21.494 हेक्टयर भूमि आवंटित करने की स्वीकृति दी है।

मंत्रि–परिषद द्वारा 30 जून अथवा 31 दिसम्बर को सेवानिवृत शासकीय सेवकों को पेंशन निर्धारण के लिये काल्पनिक रूप से वार्षिक वेतन वृद्धि देने का निर्णय भी लिया गया है। इसके तहत 30 जून को सेवानिवृत हुए या होने वाले शासकीय सेवकों को 1 जुलाई को निर्धारित काल्पनिक वार्षिक वेतन वृद्धि देय होगी। इसी तरह 31 दिसम्बर को सेवानिवृत हुए अथवा होने वाले शासकीय सेवकों को 1 जनवरी की स्थिति में काल्पनिक वार्षिक वेतन वृद्धि दी जायेगी।

विजन डॉक्यूमेंट की तैयारी
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रि परिषद की बैठक के पहले कहा है कि सभी मंत्री अपने–अपने विभागों में विजन डॉक्यूमेंट की तैयारी करें। विजन डॉक्यूमेंट–2047 विकसित मध्यप्रदेश का आधार होगा। उन्होंने कहा कि आगामी तीन माह में डॉक्यूमेंट का प्रारूप मंत्रि–परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाने वाली भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर धार और शहडोल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होंगे, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के शहरों को झुग्गी मुक्त किए जाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी सहित अन्य घटकों में कार्य जारी है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में 9 लाख 50 हजार हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

देवउठनी एकादशी

देवउठनी एकादशी का पर्व आज देश भर में मनाया जा रहा है। देर शाम मंदिरों और घरों में गन्नों से सजे मंडप में भगवान शालिग्राम और तुलसी का विवाह और का पूजन होगा। इसी के साथ मांगलिक कार्य व शादियों का सीजन भी आज से शुरू हो गए हैं। एकादशी को लेकर शहर में शहर में गन्ने के बाजार सजे हुए हैं। बाजारों में पूजन सामग्री और गन्ने सुबह से ही लोग खरीद रहे हैं।

स्पेशल ट्रेन

रेल प्रशासन द्वारा त्योहारी सीजन में अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी सं 07437/07438 नांदेड –पानीपत–नांदेड स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है जो कि भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी. गाड़ी संख्या 07437 नांदेड–पानीपत फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन दिनांक 14.11.2024 एवं 19.11.2024 को नांदेड स्टेशन से 05.40 बजे प्रस्थान कर, दूसरे दिन 01.30 बजे इटारसी और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए 13.40 बजे पानीपत स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07438 पानीपत–नांदेड फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन दिनांक 15.11.2024 एवं 20.11.2024 को पानीपत स्टेशन से 15.35 बजे प्रस्थान कर, दुसरे दिन 10.15 बजे इटारसी और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन 03.00 बजे नांदेड स्टेशन पहुँचेगी।

रेलवे शिविर

आज पश्चिम मध्य रेल, सतर्कता विभाग द्वारा भोपाल मंडल के बीना रेलवे स्टेशन पर एक सतर्कता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों को आचरण नियमों और सतर्कता उपायों के प्रति जागरूक करना और कार्यस्थल पर पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि शिविर में कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्र में उच्च नैतिकता और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के दौरान, अधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और उन्हें समाधान के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान किया।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के तहत नीमच में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजित किया गया।
- मंदसौर जिला कलेक्टर अदिती गर्ग ने साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक ने सभी ग्राम पंचायतों के साथ–साथ बस स्टैंड पर भी आयुष्मान कैंप लगाने और 70 प्लस व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए ।

....................